तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 21 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 साहू समाज सदैव सामाजिक समरसता, परिश्रम और...


14 ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार नहीं आजीविका की है गारंटी...


## खबर संक्षेप

### साजा में 21 से 23 तक राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान

**साजा।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियों कार्यक्रम का आयोजन 21 से 23 दिसंबर तक किया जायेगा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.ए.के.वर्मा ने बताया किय प्रथम दिवस 21 दिसंबर को बुथ स्तर पर शुन्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई जाएगी एवं द्वितीय व तृतीय दिवस 22 व 23 दिसंबर को कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जाएगी । राष्ट्रीय पल्स पोलियों टीकाकरण अभियान से संबंधित आवश्यक तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई हैं । अभियान की गतिविधियों का संचालन स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग व राजस्व विसहायोग से किया जाएगा ।

### राज्य युवा महोत्सव 23 से 25 दिसंबर तक

**कवर्धा।** न्यायधानी बिलासपुर में आगामी 23 से 25 दिसंबर तक राज्य युवा महोत्सव-2025 का आयोजन होगा। इसमें जिला स्तरीय युवा उत्सव के विजेता प्रतिभागी 14 विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। राज्य युवा महोत्सव के विजेता प्रतिभागी अगले वर्ष होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

लापरवाही : सरदा-बूढ़ाजौंग-रांका मार्ग पर मानक अनदेखी और खतरे की स्थिति

# सड़क निर्माण में लापरवाही, ग्रामीणों ने खुद बनाई अपनी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग एवं छत्तीसगढ़ रोड एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड रायपुर के अंतर्गत बेमेतरा जिले में निर्माणाधीन सरदा–बूढ़ाजौंग–रांका मार्ग एक बार फिर गंभीर लापरवाही का उदाहरण बन गया है। सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी और ग्रामीणों की सुरक्षा को दरकिनार करने का आरोप सामने आया है। सड़क निर्माण की शुरुआत ग्राम सरदा से होकर रांका तक की जा रही है, लेकिन ग्राम आन्दू में हालात चिंताजनक हैं।

■ ग्रामीणों की चेतावनी : सुधार न हुआ तो गंभीर हादसे की आशंका

ग्रामीणों ने ठेकेदार से बार-बार मांग की कि गांव के भीतर आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं, लेकिन उनकी बातों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। नतीजतन, ग्रामीणों को मजबूर होकर बिजली के खंभों को मिट्टी से ढककर अस्थायी ब्रेकर बनाना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क गांव के बीचों-बीच से गुजरती है। दोनों ओर रिहायशी मकान हैं, छोटे-छोटे बच्चे अक्सर सड़क किनारे खेलते हैं, जबकि भारी वाहन तेज रफ्तार में फर्राटा भरते हैं। दुर्घटना की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों ने खुद ही व्यवस्था की, ताकि वाहनों की गति नियंत्रित की जा सके। यह स्थिति प्रशासन और ठेकेदार की घोर लापरवाही को उजागर करती है।

### अतरगढ़ी में सड़क बनी मुसीबत

इसी मार्ग पर ग्राम अतरगढ़ी में सड़क के बीच और साइड शोल्डर पर मिट्टी व गिट्टी का अवैध जमाव साफ दिखाई दे रहा है। ठेकेदार और विभागीय अधिकारी साफ-सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं। अमानक निर्माण के कारण सड़क पर बिखरी गिट्टी से वाहन फिसल रहे हैं और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



### चंद रुपये बचाने की कोशिश, जान से खिलवाड़

आरोप है कि ठेकेदार लागत बचाने के चक्कर में नियमों को ताक पर रखकर काम कर रहा है। साइड शोल्डर में बेवजह मिट्टी का ढेर, सड़क पर फैली गिट्टी और अधूरा सीसी कार्य राहगीरों के लिए खतरा बन गया है। ग्राम अतरगढ़ी के स्कूल से लेकर गांव के अंतिम छोर तक हालात बदतर हैं।

### पहले भी बह चुका है पुल, फिर भी नहीं ली सीख

गौरतलब है कि पिछले वर्ष बारिश के दौरान अतरगढ़ी में हाई स्कूल के सामने बना पुल-पुलिया बह गया था, जिसे बाद में दोबारा बनाया गया। इसके बावजूद सड़क पर दरारें आ चुकी हैं और सीसी सड़क उखड़ने लगी है। भविष्य में इस मार्ग की हालत और खराब होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय ग्रामीणों ने पूरे सड़क निर्माण कार्य की तकनीकी और प्रशासनिक जांच की मांग करते हुए दोषी ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो किसी दिन किसी घर का चिराग बुझ सकता है, जिसकी जिम्मेदारी ठेकेदार और विभागीय अफसरों की होगी।

# कुरूद में तीसरी बार जमीन धंसी, खेत में बना 6 फीट गहरा रहस्यमयी गड्ढा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

तहसील बेरला अंतर्गत ग्राम कुरूद में एक बार फिर प्राकृतिक भूस्खलन की घटना सामने आई है। डोंगराही खार स्थित जीवराखन साहू के खेत में अचानक जमीन धंसने से करीब 6 फीट गहरा और 4 फीट व्यास का गड्ढा बन गया। यह तीसरी बार है जब इसी क्षेत्र में खेत की जमीन धंसने की घटना हुई है, जिससे ग्रामीणों में भय और अनिश्चितता का माहौल है।

■ लगातार भूस्खलन से ग्रामीण दहशत में, प्रशासन ने क्षेत्र किया सील

ग्रामीणों के अनुसार, इससे पहले भी दो बार खेत में जमीनदोज की घटनाएं हो चुकी हैं। पहली बार फसल बोआई के लगभग डेढ़ माह बाद जमीन धंसी थी। दूसरी घटना तब हुई थी जब खेत में धान की फसल लहलहा रही थी और किसान पानी चला रहा था। अब तीसरी बार फिर अचानक जमीन धंसने से कई सवाल खड़े हो गए हैं आखिर जमीन धंस तो रही है, लेकिन मिट्टी जा कहां रही है।

**तत्काल प्रशासन को दी गई जानकारी-** घटना की जानकारी मिलते ही खेत मालिक जीवराखन साहू ने सरपंच, कोटवार और पटवारी को सूचित किया। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि गड्ढा कुएं की तरह गहरा हो चुका है। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण स्थल पर एकत्र हो गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि अब तक कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन किसानों के लिए यह स्थिति लगातार चिंता का विषय बनती जा रही है। खेत मालिक जीवराखन साहू ने बताया कि खेत पहुंचने पर एक और गड्ढा नजर आया, जिससे वे अत्यंत भयभीत हो गए। सरपंच प्रतिनिधि हेमनाथ साहू ने तत्काल बेरला तहसीलदार आशुतोष गुप्ता को सूचना दी, जिसके बाद गड्ढे के आसपास का क्षेत्र सील कर दिया गया ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। सरपंच प्रतिनिधि ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि कहीं भी इस तरह की जमीन धंसने की घटना दिखाई दे तो उसके पास न जाएं और तुरंत ग्राम प्रशासन या जनप्रतिनिधियों को सूचित करें। लगातार तीसरी बार हुई इस घटना ने प्रशासन और ग्रामीण—दोनों की चिंता बढ़ा दी है।

# भाजयुमो अध्यक्ष की कुर्सी पर प्रदेश संगठन ने लगाई आपात ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी में सब कुछ “सामान्य” होने के दावों के बीच बेमेतरा जिले में भाजयुमो अध्यक्ष की कुर्सी अब तक खाली होना खुद में एक बड़ा राजनीतिक संकेत है। प्रदेश संगठन द्वारा लगभग सभी अनुषांगिक संगठनों की घोषणा के बावजूद बेमेतरा में फैसला अटकना साफ बताता है कि पार्टी के भीतर शक्ति संतुलन बिगड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार जिले के वरिष्ठ नेताओं के बीच सहमति न बनने के कारण सभी गुटों की पसंद को समेटते हुए 7 युवाओं के नाम प्रदेश संगठन को भेजे गए। एक नाम पर सहमति नहीं बनने से प्रदेश नेतृत्व ने टकराव टालने के लिए बेमेतरा में भाजयुमो अध्यक्ष की घोषणा फिलहाल रोक दी। भाजपा सूत्रों का कहना है कि प्रदेश संगठन अब मंत्री, सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष स्तर पर गहन सलाह–मशविरा कर रहा है, ताकि ऐसा फैसला लिया जा सके जो भविष्य में संगठनात्मक विद्रोह का कारण न बने। हालांकि खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल का जिला संगठन पर लगभग एकछत्र नियंत्रण है। हाल ही में घोषित जिला भाजपा कार्यकारिणी से लेकर संगठनात्मक फैसलों तक उनकी छाया साफ दिखाई देती है। इसी खेमे के जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू भी मंत्री बघेल की रणनीति के मजबूत स्तंभ माने जाते हैं। इसके ठीक उलट, विधायक दीपेश साहू ने युवा मोर्चा को अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने का हथियार बनाना चाहते ,ताकि जिला भाजयुमो की कमान उनकी पसंद के युवा नेता को मिले

■ गुटों के दबाव और सहमति न बनने से प्रदेश संगठन ने रोकी घोषणा

**प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष भी बेमेतरा से, फिर भी फैसला अटका-** सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरहिया स्वयं बेमेतरा जिले से हैं और उनकी पसंद मंत्री बघेल की पसंद से मेल खाती बताई जा रही थी। पर विधायक खेमा ओर नेताओं भी मैदान में आए , तो पूरा समीकरण बिगड़ गया। और मामला प्रदेश नेतृत्व के पास जाकर अटक गया।

**7 नाम भेजे गए, एक पर भी सहमति नहीं-** सूत्र बताते हैं कि गुटों के दबाव में जिले से 7 नाम प्रदेश संगठन को भेजे गए, लेकिन किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन सकी। टकराव के डर से प्रदेश संगठन ने भाजयुमो जिला अध्यक्ष की घोषणा पर तत्काल ब्रेक लगा दिया। राजनीतिक जानकारों की मानें तो बेमेतरा में भाजयुमो अब केवल युवा संगठन नहीं रहा यह पद तय करेगा कि ▶▶|शेष पेज 12 पर

# बरबसपुर ने ग्रीष्मकालीन धान छोड़कर अपनाई दलहन-तिलहन की फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले की ग्राम पंचायत बरबसपुर ने जल संरक्षण और टिकाऊ कृषि के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए इतिहास रच दिया है। गांव ने ग्रीष्मकालीन धान जैसी अत्यधिक जल-खपत वाली फसल को त्यागकर दलहन एवं तिलहन जैसी वैकल्पिक फसलों को अपनाया, जिससे न केवल भूजल संरक्षण संभव हुआ, बल्कि आसपास के गांवों के लिए भी प्रेरणादायी मॉडल सामने आया है। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत बरबसपुर में वैकल्पिक फसलों के विस्तार एवं जल संरक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रशासन की अपील, कृषि विभाग की सतत निगरानी तथा ग्राम के कृषकों के सामूहिक प्रयासों से आए सकारात्मक बदलावों की सराहना की गई। गत वर्ष बरबसपुर में ग्रीष्मकालीन धान का रकबा कुल कृषि रकबे का 90 प्रतिशत से अधिक (लगभग 545 एकड़) था, जिससे भूजल स्तर पर गंभीर दबाव पड़ रहा था। किंतु इस वर्ष कृषकों की जागरूकता, प्रशासनिक मार्गदर्शन और सामूहिक संकल्प के चलते यह रकबा घटकर 10 एकड़ से भी कम रह गया है। यह बदलाव जिले में जल संरक्षण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इस वर्ष ग्राम के कृषकों ने धान के स्थान पर चना, गेहूं, मसूर, तुअर सहित अन्य दलहनी एवं वैकल्पिक फसलों को अपनाया है। इन फसलों में पानी की आवश्यकता कम होने से सिंचाई पर निर्भरता घटी है, वहीं मिट्टी की उर्वरता में सुधार और कृषकों की आय बढ़ने की संभावनाएं भी मजबूत हुई हैं। बैठक में ग्राम सरपंच, सचिव, पंचगण, प्रगतिशील एवं महिला कृषक, बड़ी संख्या में ग्रामवासी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा किसान साथी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने और अन्य ग्राम पंचायतों को भी इस दिशा में प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कृषि विभाग ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ सतत कृषि और भूजल संरक्षण के लिए अन्य गांवों के लिए मॉडल पेश

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
NABH Certified
24x7 Emergency Services
श्वसन चिकित्सा, एलर्जी और निद्रा चिकित्सा विभाग
डॉ. तिलेश खुसरो
MBBS
MD (Respiratory Medicine)

रोग
- निमोनिया
- दमा (COPD अस्थमा)
- टी.बी. (क्षयरोग )
- नींद संबंधी विकार (Sleep Apnea)
- एलर्जी
- एलर्जिक ब्रोंकाइटिस
- फेफड़ों का कैंसर एवं अन्य विकार

उपलब्ध सेवाएँ
- प्ल्यूरल टैपिंग
- इंट्रा प्ल्यूरल फिब्रिनोलाइसिस (IPFT)
- इंट्रा प्ल्यूरल प्ल्यूरोडेसिस
- ब्रोंकोस्कोपी
- इंटरकॉस्टल ड्रेनेज
- स्पाईरोमेट्री
- मेडिकल थोरैकोस्कोपी
- पॉलीसोम्नोग्राफी

स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
0788-4052040 | 77730 10941
CALL FOR EMERGENCY 62691 62691
Deepak Advts.

सुमीत बाजार
आज का स्पेशल ऑफर
MRP. ₹999 से ₹1299 प्रति पीस वाले

प्रीमियम क्वालिटी डिजिटल प्रिंट मेन्स कुर्ता
हल्दी, कार्नीवाली, बारात, पूजा एवं पार्टी के लिये उपयोगी
आकर्षक प्रिंट्स एवं डिजाईन्स में मेन्स कुर्ता ₹333 में
साईज उपलब्धतानुसार... ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक....
आकांक्षा टॉवर, दुर्ग रोड, बालोद । अरोरा काम्पलेक्स, दुर्ग रोड, बेमेतरा
*condition apply

## खबर संक्षेप

### सीमांकन में पूर्व कांग्रेस पार्षद पर अधिक भूमि कब्जे का खुलासा

**साजा।** नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्य जीत सिंह ने पत्रकार वार्ता में अतिक्रमण के मामले स्थिति स्पष्ट करते हुए नगर पंचायत की ओर से पूरी बात रखी कहा कि नगर पंचायत में स्थित अंबेडकर भवन के सामने सीसी सड़क का कार्य प्रगतिरत है। इसी क्रम में अंबेडकर भवन की बाउंड्री निर्माण का कार्य भी प्रस्तावित है। अंबेडकर भवन से लगी किसानानी भूमि के वास्तविक सीमांकन को लेकर भूमि मालिकों द्वारा नगर पंचायत एवं तहसीलदार साजा को आवेदन प्रस्तुत किया गया था। सीमांकन प्रक्रिया के दौरान यह तथ्य सामने आया कि एक पूर्व कांग्रेस पार्षद द्वारा भूमि के पट्टे से अधिक क्षेत्र पर कब्जा किया गया है। दस्तावेजों के अनुसार जहां 800 फीट भूमि होना चाहिए थी, वहीं लगभग 1600 फीट से अधिक भूमि पर अतिक्रमण पाया गया। जब इस संबंध में नगर पंचायत द्वारा जानकारी मांगी गई, तो संबंधित व्यक्ति द्वारा धमकी दी गई तथा अतिक्रमण न हटाने की बात कही गई। इस स्थिति को देखते हुए भाजपा नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, भाजपा पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण एवं मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में शासकीय प्रक्रिया को शांतिपूर्ण तरीके से पूर्ण कराया गया। सीमांकन के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि पूर्व पार्षद द्वारा शासकीय/किसानानी भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। आज सीमाओं को चिन्हांकित कर दिया गया है तथा आगे नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत द्वारा स्पष्ट किया गया कि शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी प्रक्रियाएं कानून के अनुसार ही संपन्न की जाएंगी।



### ट्रक में लगी आग मशक्कत के बाद बुझी

**भिलाई।** अज्ञात खड़ी ट्रक पर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस व दमकल की टीम पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक केनाल रोड परशुराम चौक पावर हाउस जोन 1 के पास ट्रक खड़ी थी। आग लगने पर मौके पर दमकल की टीम पहुंची और पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया गया।

# श्रद्धा, सम्मान और प्रेरणा के साथ मनाया गया वीर बाल दिवस

## चार साहिबजादों के बलिदान को नमन, बच्चों ने लिया राष्ट्रसेवा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों के अद्वितीय, अमर और अनुपम बलिदान की स्मृति में बेमेतरा में वीर बाल दिवस श्रद्धा, सम्मान और भावनात्मक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सिख समाज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, सिख समाज के पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत साहिबजादों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति, साहस, त्याग और धर्मनिष्ठा पर आधारित विचार एवं संदेश प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया।



### सच्ची वीरता उम्र की मोहताज नहीं: नपाध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि वीर बाल दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि सच्ची वीरता उम्र की मोहताज नहीं होती। साहिबजादों का जीवन और बलिदान आज की युवा पीढ़ी को सत्य, साहस और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बच्चों में राष्ट्रभक्ति, आत्मबल और कर्तव्यबोध विकसित करने के लिए ऐसे आयोजनों की अत्यंत आवश्यकता है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वीर बाल दिवस का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, धर्मनिष्ठा और बलिदान की महान परंपरा से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि साहिबजादों का जीवन संदेश देता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी धर्म, सत्य और आत्मसम्मान से समझौता नहीं करना चाहिए।

### एकता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के दौरान विद्यालयीन बच्चों ने साहिबजादों के जीवन से जुड़े प्रसंगों को साझा करते हुए समाज सेवा, देश सेवा और मानव कल्याण के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने चार साहिबजादों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में सद्भाव, एकता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का सामूहिक संकल्प लिया। इस गरिमामय अवसर पर रायपुर प्रभारी राजेंद्र शर्मा, गौरव साहू, विकास तम्बोली, काके , इंदर दत्ता, रोशन दत्ता सहित सिख समाज के अनेक पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन वाहेगुरु के जयघोष एवं शांति-संदेश के साथ हुआ।

## बोर्ड परीक्षा, शिक्षा गुणवत्ता और संकुल प्राचार्य व्यवस्था पर दिया विशेष जोर

# संयुक्त संचालक शिक्षा आरएल ठाकुर ने ली जिले के प्राचार्यों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग दुर्ग आर.एल. ठाकुर की अध्यक्षता में शनिवार को बेमेतरा जिले के समस्त शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों तथा सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेमेतरा के सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे से संपन्न हुई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी, जिला मिशन समन्वयक आर.के. वर्मा तथा कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के सहायक संचालक श्री एस.एल. धुरंधर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नव पदस्थ प्राचार्यों का स्वागत, नेतृत्व भूमिका निभाने का आह्वान संयुक्त संचालक श्री ठाकुर ने बैठक को संबोधित करते हुए नव पदस्थ प्राचार्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह दायित्व आपके लिए नया नहीं है, फर्क सिर्फ इतना है कि अब आप सहयोगी नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता की भूमिका में हैं। विभाग को आपसे बहुत अपेक्षाएँ हैं और विश्वास है कि आप सभी इन पर खरे उतरेंगे। संकुल प्राचार्य व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2020 से संकुल प्राचार्य व्यवस्था लागू होने के बावजूद जमीनी स्तर पर इसका प्रभाव स्पष्ट नहीं दिखता। शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए यह आवश्यक है कि संकुल प्राचार्य न केवल अपने विद्यालय बल्कि अपने संकुल के अंतर्गत आने वाले समस्त शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की शैक्षणिक स्थिति से भली-भांति परिचित हों। उन्होंने संकुल स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर सतत निरीक्षण एवं सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उत्तरपुस्तिका जांच और शिक्षण गुणवत्ता की निगरानी अर्धवार्षिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच को लेकर संयुक्त संचालक ने निर्देशित किया कि विषय शिक्षकों द्वारा की गई जांच का प्राचार्य स्वयं भी सरसरी अवलोकन करें और आवश्यकता होने पर सुधारात्मक दिशा-निर्देश प्रदान करें, ताकि मूल्यांकन की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।




### बोर्ड परीक्षा की तैयारी पर विशेष फोकस

आगामी बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए श्री ठाकुर ने सभी प्राचार्यों को समयबद्ध पाठ्यक्रम पूर्ण करने और पर्याप्त रिवीजन समय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विषय शिक्षकों की बैठक लेकर विद्यार्थियों की कठिनाइयों को चिन्हांकित करने तथा कक्षा 10वीं व 12वीं के ऐसे विद्यार्थियों की पहचान करने को कहा जो 80 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सकते हैं, ताकि उन्हें विशेष मार्गदर्शन दिया जा सके।

### सेवापुस्तिका, पेंशन और न्यायालयीन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

ड्रॉइंग एंड डिस्बर्सिंग ऑफिसर ,प्राचार्यों को संबोधित करते हुए संयुक्त संचालक ने सभी अधीनस्थ कर्मचारियों की सेवापुस्तिकाओं के अद्यतन की समीक्षा करने तथा पेंशन व न्यायालयीन प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# कोटवार ने अपने पुत्र के जन्मदिन की खुशी में कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

शासकीय पूर्व माध्यमिक/प्राथमिक शाला कंडरका विकासखंड बेरला में न्योता भोज संदीप चौहान ग्राम कोटवार के सुपुत्र राज चौहान के 6 वीं वर्षगांठ पर न्योता भोज का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें खीर, पुड़ी, दाल, चाँवल, दो प्रकार की सब्जी, पापड़ सहित पौष्टिक आहार की व्यवस्था की गई थी। न्योता भोज कार्यक्रम के तहत ग्रामीण वासियों का अपनत्व एवं खुशियों को विद्यालय परिवार में शामिल करना एवं मनाना यह हम सभी के लिए बहुत ही गौरव का पल है।

इससे समाज एवं विद्यालय एक सकारात्मक सोच की ओर अग्रसर होती है। आपसी भाईचारे के साथ साथ विद्यालय के प्रति सहयोग, समर्पण एवं स्नेह की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चें, स्टाफ एवं ग्रामीण माताओं सहित 350 लोगों न्योता भोज ग्रहण किया 1 शाला परिवार की ओर से बच्चे को उज्जवल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान की गई तथा परीक्षा पे चर्चा के तहत माता उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया 1 जिसमें माताओं को परीक्षा पे चर्चा का रजिस्ट्रेशन 6 वीं से 12 वीं तक विद्यार्थी, पालक एवं शिक्षकों को करने एवं प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के कार्यक्रम में ऑनलाइन सहभागी बनने के बारे में बताया गया ताकि बच्चों में परीक्षा के प्रति भय ना हो। परीक्षा को एक उत्सव की तरह मनाये एवं उनके कार्यक्रम में ऑनलाइन शामिल होकर प्रश्नोत्तर में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया गया।

**ये रहे उपस्थित**-इस कार्यक्रम में प्रहलाद कुमार टिकरिहा सहायक प्राध्यापक डाइट बेमेतरा, पूर्व माध्यमिक शाला कंडरका की प्रधान पाठक केवरा सेन, भुवन सिंह ध्रुव, कान्ति नागे, राज राजेश्वर राजा, रविकुमार निषाद, संजय कश्यप, सुरेश वर्मा, रागिनी शर्मा, योगेश्वरी परगनिहा, देवकुमारी गायकवाड़, अन्नपूर्णा जागड़े विद्या चौहान सहपरिवार संदीप चौहान, रसोइयां दीदी, छात्र छात्राएं एवं ग्रामीण माताएँ शामिल थे।

# दीवार पत्रिका से बच्चों में सीखने की रुचि, आत्मविश्वास और रचनात्मकता बढ़ती है : चंदा सिन्हा

**बेमेतरा।** विकासखंड साजा के शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, ज्ञान और अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बीते दो वर्षों से दीवार पत्रिका का नियमित संचालन किया जा रहा है। इस अभिनव

- **बीजागोड़ स्कूल में पिछले दो वर्षों से सफलतापूर्वक हो रहा दीवार पत्रिका का संचालन**

शैक्षणिक पहल के माध्यम से बच्चों में सीखने के प्रति रुचि, आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच का विकास देखने को मिल रहा है। विद्यालय में प्रदर्शित दीवार पत्रिका में विद्यार्थियों द्वारा लिखी गई समसामयिक खबरें, कविताएँ, छोटे लेख, चित्रकला, सामान्य ज्ञान तथा प्रेरणादायक विचार शामिल किए जाते हैं। कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सुंदर चित्र, कविताएँ और सकारात्मक विचार प्रस्तुत किए। बच्चों की सहभागिता और अभिव्यक्ति देखकर विद्यालय का वातावरण जीवंत और सृजनात्मक नजर आया। माह दिसंबर में प्रदर्शित दीवार पत्रिका में शीतकालीन अवकाश, बढ़ती ठंड, मंडई मेला, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नैतिक मूल्यों जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने प्रभावशाली रचनाएँ प्रस्तुत कीं। शिक्षकों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी निरंतर रचनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने बताया कि दीवार पत्रिका एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) के अंतर्गत चारों ब्लॉक मॉडल—मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग, पठन एवं लेखन—में बच्चों की दक्षता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है। इससे बच्चों में कल्पनाशक्ति, तर्कशक्ति और लेखन क्षमता का उल्लेखनीय विकास हुआ है। दीवार पत्रिका को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा खूब सराहा गया और भविष्य में इसमें और अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प भी लिया गया।



# ट्विनसिटी के तीन प्रमुख होटलों से खाद्य विभाग ने लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खाद्य विभाग ने दुर्ग भिलाई के तीन बड़े होटलों का औचक निरीक्षण किया और वहां से खाने पीने की चीजें सैंपल के तौर पर लिया। इन सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने त्यौहारी सीजन को देखते हुए सख्ती बढ़ा दी है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न होटल व रेस्टोरेंट्स में जांच कर खाद्य नमूने संकलित किए।खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार नेहरू नगर स्क्वेयर स्थित होटल गैन्ड ढिल्लन रेस्टोरेंट से ग्रीन चटनी एवं ब्रेड, झरोखा पैलेस से ओनियन ग्रेवी और चिकन बिरयानी और रेलवे स्टेशन स्थित सागर इंटरनेशनल से मिक्स वेज व टोमेटो सूप के नमूने लिए गए हैं। इन सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है।

# बेमेतरा में एचआईवी/एड्स एवं सिफलिस जागरूकता अभियान सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा इंटेंसिफाइड आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण) कैंपेन के अंतर्गत एचआईवी/एड्स एवं सिफलिस से बचाव को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 15 दिसंबर से 23 दिसंबर तक जिले के सभी विकासखंडों में संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में कलादल के माध्यम से नाटक व गीत प्रस्तुत कर, साथ ही जागरूकता रथ द्वारा ध्वनि यंत्रों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान आमजन को एचआईवी/एड्स एवं सिफलिस के कारण, लक्षण, रोकथाम एवं समय पर जांच व उपचार के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है, ताकि संक्रमण की प्रसार दर को नियंत्रित किया जा सके। छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉ. खेमराज सोनवानी के निर्देशानुसार राज्य कार्यालय से टेक्निकल एक्सपर्ट डॉ. दीपक सरकार ने 19 एवं 20 दिसंबर को बेमेतरा जिले का दो दिवसीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संचालन एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। इस क्रम में जिला चिकित्सालय बेमेतरा स्थित आईसीटीसी एवं डीएसआरसी का निरीक्षण करते हुए रिकॉर्ड संधारण, काउंसलिंग व्यवस्था, टेस्टिंग प्रक्रिया, जांच किट की उपलब्धता तथा जिले में कार्यरत एनजीओ की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू, नोडल अधिकारी डॉ. चंद्रप्रकाश, परामर्शदाता पुराणिक नायक, विनेश्वर जायसवाल एवं मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट संजय कुमार तिवारी से एचआईवी/एड्स एवं सिफलिस की जांच, परामर्श, गोपनीयता बनाए रखने एवं जनजागरूकता के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**टेक्निकल एक्सपर्ट डॉ. दीपक सरकार ने किया रक्तदान**-निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय में रक्त की कमी से जूझ रही एक गर्भवती महिला की जानकारी मिलने पर टेक्निकल एक्सपर्ट डॉ. दीपक सरकार ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। उनके इस सराहनीय कदम पर हितग्राही के परिजनों एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. पोपटानी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक की ओर से डॉ. दीपक सरकार को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्लड बैंक परामर्शदाता कुलेश्वरी साहू एवं मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट भूपेन्द्र भी उपस्थित रहे।

## बकायादारों से राशि वसूली के लिए प्रतिदिन पांच हजार नोटिस तैयार करने के निर्देश

# भिलाई निगम की सख्ती, बकाया कर वसूली के लिए कुर्की तक की कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वित्तीय वर्ष 2025-26 की राजस्व वसूली को तेज करने के लिए नगर निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने कड़ा रुख अपनाया है। इसको लेकर निगम द्वारा अधिकृत वसूली एजेंसी मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्रा. लि. के प्रतिनिधि के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सभी जोन आयुक्त और निगम के संबंधित अधिकारी मौजूद थे। आयुक्त ने बताया कि निगम क्षेत्र के सभी भवनों और भूमियों पर बकाया संपत्तिकर और अन्य करों की वसूली नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के तहत सख्ती से की जाएगी। धारा 173 के अंतर्गत तत्काल बिल जारी करने, भुगतान नहीं होने पर धारा 174 के तहत मांग सूचना जारी करने और इसके बाद भी राशि जमा नहीं होने की स्थिति में धारा 175 के तहत कुर्की यानी शक्ति वारंट की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जारी किए गए नोटिसों की तामिली हर हाल में सुनिश्चित की जाए। सभी जोन के सहायक राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अधिकृत एजेंसी के साथ प्रतिदिन की गई वसूली कार्रवाई की रिपोर्ट अगले दिन की बैठक में प्रस्तुत करें। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जिन संपत्तिकर आईडी में भवन या भूमि स्वामी का मोबाइल नंबर दर्ज नहीं है, उसे तत्काल अपडेट किया जाए। वहीं, डबल संपत्तिकर आईडी वाले मामलों का मौके पर निरीक्षण कर प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के आदेश दिए गए। हुडको क्षेत्र के भवनों और भूमियों पर बकाया कर वसूली को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकृत एजेंसी को कहा गया है कि तत्काल बिल जारी कर वसूली की प्रक्रिया शुरू की जाए। जिन मामलों में पहले ही मांग सूचना जारी हो चुकी है, वहां कुर्की की कार्रवाई प्रस्तावित करने और लंबित वारंटों का समय-सीमा में निष्पादन करने के निर्देश भी दिए गए। आयुक्त ने यह भी कहा कि प्रत्येक वार्ड में पर्याप्त संख्या में वसूली कर्मचारी तैनात किए जाएं ताकि तय लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली हो सके। बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर जोन के सहायक राजस्व अधिकारियों को उपलब्ध कराने और सूची के अनुसार बिल जारी कर वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही प्रतिदिन कम से कम 5000 बकायादारों को नोटिस जारी कर उनसे राशि वसूलने की कार्रवाई करने को कहा गया है। निगम आयुक्त ने साफ किया कि राजस्व वसूली में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक राजेन्द्र कुमार दोहरे अपर आयुक्त, अजय राजपुत जोन जोन-1 आयुक्त, कुलदीप गुप्ता जोन-3 आयुक्त, अमर नाथ दुबे जोन-4 व 5, चन्द्रभूषण साहू लेखाधिकारी, धीरज साहू जलकर अधिकारी, दीप्ति साहू प्रोग्रामर, बीएल असाटी सहायक अधीक्षक संपत्तिकर विभाग, प्र. सहायक राजस्व अधिकारी द्वय सुनील जोशी, प्रसन्न कुमार तिवारी, शरद दुबे, बसंत देवांगन सहायक राजस्व अधिकारी, बाल कृष्ण नायडू, प्र. सहायक राजस्व अधिकारी, अनिल मेश्राम सहायक राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।





## पेज 11 के शेष

### बरबसपुर ने ग्रीष्मकालीन...

के डिप्टी डायरेक्टर श्री मोरध्वज डड़सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि रबी वर्ष 2025-26 के लिए जिले में 1.60 लाख हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 59 हजार हेक्टेयर में दलहनी, तिलहनी एवं अन्य वैकल्पिक फसलों की बुवाई पूर्ण की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि शासन की योजनाओं के तहत कृषकों को दलहन-तिलहन बीज अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिले में ग्रीष्मकालीन धान का कोई कार्यक्रम नहीं है और आने वाले समय में दलहन-तिलहन क्षेत्र विस्तार की व्यापक संभावनाएं हैं। बरबसपुर की यह पहल स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन, सामूहिक इच्छाशक्ति और फसल विविधीकरण के माध्यम से जल संरक्षण के साथ-साथ कृषि को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनाया जा सकता है। यह मॉडल न केवल बेमेतरा जिले, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा है।

### भाजयुमो अध्यक्ष की...

आने वाले समय में संगठन की कमान किसके हाथ होगी,अब यह फैसला करेगा कि प्रदेश संगठन किस गुट को साधता है और किसे झटका देता है। भाजयुमो अध्यक्ष की घोषणा फिलहाल रोक दी।

**प्रदेश नेतृत्व की रणनीति: पहले संतुलन, फिर ऐलान**- भाजपा सूत्रों का कहना है कि प्रदेश संगठन अब मंत्री, सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष स्तर पर गहन सलाह—मशविरा कर रहा है, ताकि ऐसा फैसला लिया जा सके जो भविष्य में संगठनात्मक विद्रोह का कारण न बने।


भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में
सरगुजा संभाग प्रभारी नियुक्त किये जाने पर
श्री होरीलाल सिन्हा जी
एवं
भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में
बेमेतरा जिलाध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर
श्री रेवाराम निषाद जी को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ


भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में
सरगुजा संभाग प्रभारी
नियुक्त किये जाने पर
श्री होरीलाल सिन्हा जी
को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
श्रीमती रेखा पोषण सिन्हा
जनपद सदस्य, जनपद पंचायत बेरला


बिन संस्कार नहीं सहकार, बिन सहकार नहीं उद्धार
आमंत्रण
2025
International Year of Cooperatives
Cooperatives Build a Better World
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. केदार कश्यप
मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
मा. दयालदास बघेल
मंत्री खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
मा. विजय बघेल
सांसद दुर्ग लोकसभा
मा. प्रीतपाल बेलचंदन
अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या., दुर्ग
बेमेतरा जिला मुख्यालय नवीन शाखा भवन एवं बैंक के
6 एटीएम का लोकार्पण
दिनांक : 21.12.2025, दिन रविवार, समय : दोपहर 1 बजे
स्थान : बैंक मुख्यालय शाखा भवन बेमेतरा, कोबिया चौक, रायपुर रोड, जिला बेमेतरा
विनीत
प्रकाश वर्मा
प्राधिकत अध्यक्ष
सहकारी समिति अध्यक्ष हसदा
यशवंत वर्मा
प्राधिकत अध्यक्ष सहकारी समिति
अध्यक्ष गोढ़गिरी बेरला ब्लॉक
पीतांबर साहू
प्राधिकत अध्यक्ष
सहकारी समिति अध्यक्ष
मावलीभाटा बेरला ब्लॉक
मुख्य अतिथि
मा. श्री केदार कश्यप जी
मंत्री सहकारिता, वन एवं जलवायु परिवर्तन,
परिवहन, संसदीय कार्य छ.ग. शासन रायपुर
अध्यक्षता
मा. श्री दयालदास बघेल जी
मंत्री खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं
उपभोक्ता संरक्षण छ.ग. शासन रायपुर
अतिविशिष्ट अतिथि
मा. श्री विजय बघेल जी - सांसद, दुर्ग लोकसभा
मा. श्री प्रहलाद रजक जी -
अध्यक्ष, छ.ग. रजककार विकास बोर्ड
विशिष्ट अतिथि
मा. श्री प्रीतपाल बेलचंदन जी - अध्यक्ष, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग
मा. श्री नरेश यदु जी - उपाध्यक्ष, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग
मा. श्री दीपेश साहू जी - विधायक, बेमेतरा | मा. श्री ईश्वर साहू जी - विधायक, साजा
मा. कल्पना योगेश तिवारी जी - अध्यक्ष, जिला पंचायत बेमेतरा
मा. श्री विजय सिन्हा जी - अध्यक्ष. नगर पालिका परिषद बेमेतरा
मा. श्रीमती हेमा दिवाकर जी - अध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा
मा. श्री अवधेश चंदेल जी - प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक भाजपा छ.ग. एवं पूर्व विधायक
मा. श्री राहुल योगराज टिकरिहा जी - अध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा छ.ग.
मा. श्रीमती संध्या परगनिहा जी - प्रदेश मंत्री भाजपा
मा. श्री अजय साहू जी - अध्यक्ष, जिला भाजपा बेमेतरा
मा. श्री संजीव तिवारी जी - अध्यक्ष (पैक्स), जिला प्राधिकृत अधिकारी संघ बेमेतरा

**खबर संक्षेप**




## गुरुकुल विद्यालय नवागढ़ में भव्य वार्षिकोत्सव आज

**नवागढ़।** शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के संगम का सजीव उदाहरण बनने जा रहा है गुरुकुल विद्यालय, सुकुल पारा नवागढ़, जहां सोमवार को दोपहर 1 बजे से विद्यालय का 18वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। इस गरिमामय अवसर पर सेवा निवृत्त भारतीय वायु सेना के



पूर्व ग्रुप कमांडर सतीश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपेन्द्र दुबे (वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर) द्वारा की जाएगी, जबकि डॉ. गिरीश कांत पाण्डेय विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। समारोह में शिक्षा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति जैसे मूल्यों पर केंद्रित प्रेरक संबोधन होंगे। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा भक्ति, देशभक्ति एवं भावपूर्ण गीतों पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों और विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्सव मनाया जाएगा। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान पिछले शैक्षणिक सत्र में प्रावीण्य स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मंच से पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही पिछले सत्र के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का भी सम्मान कर गुरु-शिष्य परंपरा को गौरव प्रदान किया जाएगा। अतिथियों के स्वागत हेतु कोदू सिंह क्षत्रिय द्वारा लिखित एवं गाया गया स्वागत गीत प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कलावती गोयल एवं धर्मेंद्र साहू द्वारा किया जाएगा। विद्यालय परिसर में कार्यक्रम को लेकर उत्साह का वातावरण है। यह जानकारी विद्यालय के संचालक राजेश धर दीवान ने दी।

## नगर पंचायत क्षेत्र में अवैध कब्जों पर होगी निर्णायक कार्रवाई

साजा। नगर पंचायत साजा की सूरत बदलने और शहर को व्यवस्थित करने के लिए अध्यक्ष हिमांशु वर्मा ने कड़े तेवर अपना लिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि नगर पंचायत क्षेत्र के भीतर किए गए सभी अवैध अतिक्रमणों पर अब निर्णायक कार्यवाही की



जाएगी। अध्यक्ष ने अपने इरादे साफ करते हुए कहा कि शहर का विकास और सुगम यातायात उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

एक प्रेस वार्ता के दौरान हिमांशु वर्मा ने भावुक और दृढ़ लहजे में कहा, /"जिस दिन मैंने नगर पंचायत अध्यक्ष पद की शपथ ली थी, उसी दिन साजा को अतिक्रमण मुक्त बनाना मेरा मुख्य लक्ष्य था। मैं साजा की जनता को एक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर देने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। नगर पंचायत की टीम जल्द ही उन क्षेत्रों का सर्वे करेगी जहां सड़कों और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा किया गया कार्यवाही से पूर्व अवैध कब्जाधारियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए उचित समय और नोटिस दिया जाएगा। नोटिस की समय-सीमा समाप्त होने के बाद प्रशासन बलपूर्वक अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू करेगा। अध्यक्ष ने आश्वस्त किया है कि कार्यवाही पूरी तरह पारदर्शी होगी और किसी भी दबाव में आए बिना नियमों के तहत काम किया जाएगा।

साजा के मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। आए दिन लगने वाले जाम और पैदल चलने वालों को होने वाली असुविधा को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। अध्यक्ष का मानना है कि अतिक्रमण हटने से न केवल सड़कें चौड़ी होंगी, बल्कि शहर का सौंदर्यीकरण भी बेहतर ढंग से हो सकेगा। इस घोषणा के बाद शहर में मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। जहाँ आम नागरिक और राहगीर इस फैसले का स्वागत कर रहे हैं, वहीं अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप की स्थिति है।

**कार्यक्रम : 21 से 24 तक होगा तीन दिवसीय भव्य आयोजन, समय-सीमा में सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश**

# कबीरपंथ संत समागम की तैयारियों का खाद्य मंत्री दयाल दास ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के समीप ग्राम लोलेसरा मैदान में आगामी 21 से 24 दिसंबर तक आयोजित होने वाले ऐतिहासिक कबीरपंथ संत समागम महोत्सव की तैयारियों का खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने स्थल निरीक्षण कर गहन समीक्षा की। यह तीन दिवसीय भव्य आयोजन कबीरपंथ के वंश गुरु पंथ श्री उग्रनाम साहेब की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश-प्रदेश से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मंत्री श्री बघेल ने लोलेसरा पहुँचकर मेला स्थल का निरीक्षण किया तथा जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और मेला समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में व्यवस्थाएँ पूर्ण करें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री बघेल ने पेयजल, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, स्वच्छता, सुरक्षा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएँ, सड़क समतलीकरण, यातायात नियंत्रण, मोबाइल टॉयलेट, पानी टैंकर, फायर सेफ्टी तथा महिला पुलिस बल की तैनाती जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।



### पतोरा में सदगुरु कबीर साहब सत्संग का भव्य आयोजन

बेरला। बेरला विकास खंड के समीप ग्राम पतोरा में सदगुरु कबीर साहब की वाणी मां गंगा की समान प्रवाहित हो रही है। प्रथम दिवस मंहत हरीश दास जी साहब बांधवगढ़ के द्वारा गुरु महिमा पाठ सत्संग प्रवचन द्वितीय सत्र में पूजनीय माता जी सुलक्षणा देवी साहब का आगमन चरण बंदगी श्रद्धालुओं के गृह में पधार कर दर्शन दिए। द्वितीय दिवस महंत साहेब के द्वारा सत्संग प्रवचन हुए और हम सबको परम पूजनीय माता जी सुलक्षणा गोस्वामी के मुखारविंद से आशीर्वाद प्रदान बरसे सदगुरु कबीर साहब महान है, निराला है। उनकी वाणी हमारे हृदय में रोम-रोम में विराजमान है। हम सदगुरु कबीर साहब के बताए हुए मार्ग चले गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज सत्संग को महान बताया है। तृतीय दिवस महंत हरीशदास जी साहब के कर कमल द्वारा सात्विक आनंदी चौका आरती संपन्न हुए। क्षेत्र के गणमान्य नागरिक श्रद्धालु जन उपस्थित हुए। सभी को सदगुरु कबीर साहब के चित्र भेंटकर सम्मानित किया।




उन्होंने कहा कि लोलेसरा का कबीरपंथ संत समागम बेमेतरा जिले का सबसे बड़ा धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन है, जिसे भव्यता, अनुशासन और श्रद्धा के वातावरण में सम्पन्न किया जाना चाहिए। मंत्री ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि आयोजन के दौरान शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी संभावित अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए निरंतर निगरानी एवं त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र सक्रिय रखा जाए।

**सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष फोकस-** बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि समागम के दौरान पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिस, भीड़ नियंत्रण व्यवस्था, ट्रैफिक डायवर्जन, सीसीटीवी निगरानी एवं आपातकालीन प्रबंधन की पुख्ता तैयारी की जा रही है, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके। प्रशासन ने साझा की तैयारियों की प्रगति प्रभारी कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि संत समागम महोत्सव के सफल आयोजन हेतु प्रशासन द्वारा सभी विभागों को दायित्व सौंप दिए गए हैं और लगातार समीक्षा के माध्यम से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, मेला समिति के अध्यक्ष ने कार्यक्रम की रूपरेखा, संतों के आगमन, प्रवचन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, मेला समिति के सदस्य, संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से इस ऐतिहासिक संत समागम को सफल, सुरक्षित और स्मरणीय बनाने का संकल्प लिया।

# भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी बने मुख्य संरक्षक, गौसेवा को मिला सशक्त आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



श्री राधे कृष्ण सेवा संस्था द्वारा संचालित ग्राम पंचायत बोरसी में निर्माणाधीन गोठान के लिए आज विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम पूरे वैदिक मंत्रोच्चार एवं श्रद्धाभाव के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने भूमि पूजन कर गौसेवा से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान गौमाता की सेवा, संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में योगेश तिवारी की निरंतर सक्रियता और सामाजिक योगदान को देखते हुए उन्हें गोठान का मुख्य संरक्षक नियुक्त किए जाने की औपचारिक घोषणा की गई। इस घोषणा का उपस्थितजनों ने तालियों के साथ स्वागत किया।

भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि गौसेवा हमारी संस्कृति, आस्था और संस्कारों का अभिन्न अंग है। गोठान केवल गौमाताओं के संरक्षण का केंद्र नहीं होता, बल्कि यह गांव की सामाजिक चेतना, करुणा और मानवीय मूल्यों का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि इस गोठान के निर्माण से असहाय एवं निराश्रित गौवंश को सुरक्षित और सम्मानजनक आश्रय मिलेगा, वहीं ग्रामीणों को सेवा और सहभागिता का अवसर भी प्राप्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि आज बड़ी संख्या में गौमाताएं सड़कों पर भटकने और दुर्घटनाओं का शिकार होने को मजबूर हैं। सरकार एवं क्षेत्र के दानदाताओं के सहयोग से बनने वाली यह गौशाला गौमाताओं के लिए सुरक्षित "घर" सिद्ध होगी, जहां उनका संरक्षण, देखरेख एवं समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामीणों ने गोठान निर्माण को लेकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह गोठान भविष्य में गौमाताओं के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित एवं संवेदनशील आश्रय स्थल बनेगा, साथ ही गांव में सामाजिक समरसता, धार्मिक चेतना और सेवा भाव को भी सुदृढ़ करेगा। कार्यक्रम के अंत में भूमि पूजन के पश्चात सभी उपस्थितजनों ने गौसेवा को निरंतर आगे बढ़ाने, गोठान के सुचारू संचालन में सहयोग देने तथा गौमाताओं के संरक्षण का संकल्प लिया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर श्री राधे कृष्ण सेवा संस्था के पदाधिकारियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था अध्यक्ष अशोक पाण्डे, उपाध्यक्ष खिल्लू साहू, कोषाध्यक्ष एवं सरपंच झाला वर्मा, सदस्य भीम वर्मा, रूपराम चंद्राकर, प्रकाश वर्मा, मंत्री पाल, खिलेश्वर वर्मा, संरक्षक ओम प्रकाश पांडे, देवेंद्र साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# साहू समाज सदैव सामाजिक समरसता, परिश्रम और संगठन की शक्ति का प्रतीक रहा है : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती व सेवा भाव का लिया गया संकल्प

तहसील साहू संघ बेरला के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह, आभार एवं नवनिर्वाचित जिला प्रतिनिधियों का सम्मान कार्यक्रम शनिवार को कर्मा भवन बेरला में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू कार्यक्रम मे शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष मा. डॉ. नरेंद्र साहू ने की। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में समाजजनत रहे।इस अवसर पर साहू संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं जिला प्रतिनिधियों को निष्ठा, ईमानदारी एवं समाजहित में कार्य करने की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि "शपथ ग्रहण केवल पद ग्रहण का औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी, सेवा और समर्पण का संकल्प है। साहू समाज सदैव सामाजिक समरसता, परिश्रम और संगठन की शक्ति का प्रतीक रहा है। आज लिए गए संकल्प समाज को नई दिशा देंगे।"उन्होंने आगे कहा कि संगठन तभी मजबूत होता है जब पदाधिकारी व्यक्तिगत हित से ऊपर उठकर समाजहित में कार्य करें। कार्यक्रम में साहू संघ बेमेतरा के जिलाध्यक्ष नारद साहू, उपाध्यक्ष रेखराम साहू, बेरला तहसील साहू संघ अध्यक्ष भारत भूषण साहू, नूतन साहू, संगठन मंत्री माधोराम साहू, तारकेश्वरी साहू, पूर्वाध्यक्ष सूर्यकांत साहू, नगर पंचायत कुसमी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, बहलराम साहू अमरनाथ साहू,तखत साहू, संतोष साहू, सुमन साहू,लक्ष्मी साहू जिला पंचायत सदस्य हरीश साहू सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन तहसील साहू संघ बेरला द्वारा किया गया।

## बीडीएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन

**बेमेतरा।** शहर के बीडीएस पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के अवसर पर वार्षिक उत्सव का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शिक्षा, भारतीय संस्कृति एवं समसामयिक विषयों पर आधारित मनमोहक, प्रेरणादायक और संदेशात्मक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि रजक कार बोर्ड के अध्यक्ष पहलाद रजक तथा नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा का महत्व, सामाजिक सरोकार, सांस्कृतिक विरासत और वर्तमान समय की चुनौतियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों की मंचीय प्रस्तुति, आत्मविश्वास और अनुशासन ने दर्शकों से खूब तालियाँ बटोरीं।अपने संबोधन में अतिथियों ने बच्चों की मेहनत और प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर सालभर शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों में उत्साह और आगे बेहतर करने की प्रेरणा देखने को मिली। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार नहीं आजीविका की है गारंटीः प्रज्ञा निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को और अधिक उन्नत स्वरूप देते हुए विकसित भारत गारंटी फॉर एंड आजीविका मिशन – ग्रामीण के रूप में लागू किया जाना ग्रामीण भारत के लिए एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। यह केवल योजना का नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि सोच, संरचना और परिणामों में व्यापक बदलाव का प्रतीक है। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की बुनियादी आवश्यकता को पूरा किया, वहीं जी राम जी उससे आगे बढ़कर ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को स्थायी आजीविका से जोड़ने वाला मिशन है। इस योजना में महिलाओं को केवल श्रमिक नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की सशक्त सहभागी के रूप में देखा गया है।

उन्होंने कहा कि 100 दिन के स्थान पर 125 दिन रोजगार की गारंटी से ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिरता आएगी। नई व्यवस्था में कौशल आधारित, उत्पादक और स्थानीय संसाधनों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी गई है, जिससे रोजगार के साथ-साथ स्थायी आजीविका का निर्माण संभव होगा। प्रशिक्षण और क्षमता विकास के माध्यम से महिलाओं को उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ाने की स्पष्ट मंशा इस योजना में दिखाई देती है। प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि डिजिटल निगरानी, पारदर्शी व्यवस्था और साप्ताहिक वेतन भुगतान से फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी तथा ग्रामीण परिवारों की आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी। साथ ही, सरपंच और ग्राम पंचायत को स्थानीय आवश्यकता के अनुसार कार्य तय करने का अधिकार मिलने से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि वीबी -जी राम जी के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को घर के पास कार्य, नियमित आय, कौशल प्रशिक्षण और सम्मान मिलेगा। यह योजना महिला रोजगार की संख्या और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि करेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में यह एक मजबूत आधार स्तंभ है। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा इस योजना की जानकारी हर ग्रामीण महिला तक पहुँचाने और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

## नशे की दवा के साथ 6 गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** नशे का अवैध कारोबार करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि सभी हरनाबांधा दुर्ग निवासी जावेद उर्फ अमित, रूपेश मेश्राम, अमित श्रीवास्तव, गुलाब भौते, मंगल सारथी, महादेव साहू को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से प्रतिबंधित नशीली दवाइयां, कफ सिरप और मोबाइल जब्त किए हैं। जिनकी कुल कीमत 46,313 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को गश्त के दौरान अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। सिटी कोतवाली दुर्ग और एसीसीयू की टीम ने कार्रवाई की है।

Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
20% क्लीनिकल टेस्ट में की छूट
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

# बाल संस्कार शिशु मंदिर में धूमधाम से संपन्न हुआ तुलसी पूजन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा



बाल संस्कार शिशु मंदिर, बरगा में 25 दिसंबर तुलसी पूजन के पावन अवसर पर शनिवार को श्री तुलसी माता पूजन महोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को विशेष रूप से 25 दिसंबर को अपने-अपने घरों में भी तुलसी पूजन करने हेतु प्रेरित किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। अधिकांश विद्यार्थी अपने घरों से तुलसी के गमले के साथ नारियल, पुष्प, धूप, दीप, अक्षत, चुनरी, कंगन, कुमकुम, माला, मिठाई, साड़ी सहित अन्य पूजन सामग्री लेकर विद्यालय पहुंचे। पूरे विधि-विधान एवं श्रद्धा भाव से विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक साथियों द्वारा तुलसी माता का पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में तुलसी की अनंत महिमा है। तुलसी में प्राणदायी ऑक्सीजन अधिक मात्रा में पाई जाती है तथा इसके संपर्क से प्राप्त वायु से स्वास्थ्य लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संस्कारयुक्त कार्यक्रमों से बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था प्रमुख डॉ रेवाराम पाल , शिक्षकगण राजेंद्र निषाद, अनुराधा यादव, रोमा निषाद, सीता लहरे, गायत्री साहू, गीतेश्वरी साहू, तिलेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू, सरोज साहू, दिव्या साहू का सराहनीय योगदान रहा।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट
■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.